भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1672
मंगलवार, 12 मार्च, 2013

प्राग टूल्स लिमिटेड का उद्धार

1672. श्री देवेंदर गौड टी. :

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मंत्रालय ने प्राग टूल्स लिमिटेड, हैदराबाद का पुनरुद्धार/पुनर्निर्माण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधियों के वर्षवार ब्यौरे क्या हैं; और

(घ) पुनरूद्धार की प्रक्रिया कब तक पूरी कर ली जाएगी?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रफुल पटेल)

(क) और (ख): भारत सरकार ने वर्ष, 2005 में तत्कालीन प्राग टूल्स लिमिटेड को 232.37 करोड़ रूपए का पुनरूद्धार पैकेज स्वीकृत किया था तथा इस कंपनी को हिंदुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड में विलय करने का निदेश दिया था। तदनुसार, तत्कालीन प्राग टूल्स लिमिटेड को 01.04.2007 से एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड में विलय कर दिया गया है। पुनरूद्धार पैकेज का ब्यौरा निम्न प्रकार है :

(i) 5 करोड़ रूपए की नकद सहायता ।

(ii) 209.71 करोड़ रूपए की नकदीतर सहायता ।

(iii) प्राग टूल्स लिमिटेड द्वारा एनपीए की 17.66 करोड़ रूपए में बिक्री की स्वीकृति ।

(ग): विगत तीन वर्षों के दौरान कोई धनराशि जारी नहीं की गई है ।

(घ): भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

*****